


सांध्य दैनिक

# 4PM



भगवान का अलग से कोई अस्तित्व नहीं है। हर कोई सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास कर के देवत्व प्राप्त कर सकता है।

-भगवान महावीर

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 7 ● अंकः 313 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021



केजरीवाल मॉडल को जन-जन तक ... 8 | भाजपा हटाओ पद यात्रा: अमेठी... 3 | बर्फीली हवाओं ने यूपी में बढ़ाई... 7


# संसद में फिर गूंजी केंद्रीय मंत्री टेनी के इस्तीफे की मांग, विपक्ष का हंगामा

» सांसदों के निलंबन को रद्द करने पर अड़ा विपक्ष सर्वदलीय बैठक की मांग

» केंद्रीय मंत्री के पुत्र पर लखीमपुर में किसानों को गाड़ी से कुचलने का है आरोप

» एसआईटी के खुलासे के बाद से विपक्ष सरकार पर लगातार बना रहा है दबाव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लखीमपुर हिंसा पर एसआईटी के खुलासे के बाद से विपक्ष ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। वह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे को लेकर अड़ गया है। विपक्ष ने आज भी संसद के दोनों सदनों में केंद्रीय मंत्री की इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। हंगामे के चलते राज्य सभा और लोक सभा की कार्यवाही बाधित रही। इसके अलावा 12 सांसदों के निलंबन को रद्द करने की मांग को लेकर भी विपक्ष अड़ा हुआ है और गतिरोध को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के तत्काल इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होते ही जोरदार हंगामा किया। हंगामे के चलते राज्य सभा और लोक सभा की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके पहले लखीमपुर हिंसा पर सदन में चर्चा की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद सुष्मिता देव ने राज्य सभा में निलंबन का नोटिस दिया था। वहीं कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने लोक सभा में चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया था। उन्होंने गृह राज्य मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। लखीमपुर में अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा पर किसानों को कुचलने का आरोप है। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, हम राज्य सभा में 12 विपक्षी सांसदों के निलंबन को रद्द करने और गृह राज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों को चलने नहीं देंगे। गौरतलब है कि शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के 12 सदस्यों को पिछले मानसून सत्र के दौरान अशोभनीय आचरण की वजह से सत्र की शेष अवधि के लिए राज्य सभा से निलंबित कर दिया गया है।






> "सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। विपक्ष लखीमपुर मामले पर चर्चा करना चाहता है। वह लद्दाख की आवाज भी संसद में उठाना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं करने दिया गया।
>
> राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

**आज छह बजे देखिये ज्वलंत विषय पर चर्चा हमारे यू ट्यूब चैनल 4PM News Network पर**

## विपक्ष ने किया बैठक का बहिष्कार

निलंबित सांसदों को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा बुलाई गई बैठक में विपक्ष दल नहीं पहुंचे। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सिर्फ पांच पार्टियों को बुलाकर विपक्ष के अन्य नेताओं को नहीं बुलाएंगे तो क्या संदेश जाएगा? ये विपक्षी दलों की एकजुटता को तोड़ने की साजिश है। हमने पत्र लिखा है कि सर्वदलीय बैठक बुलाएं। गौरतलब है कि मंत्री ने उन पांच दलों की बैठक बुलाई जिनके सांसदों को पूरे शीत सत्र के लिए निलंबित किया गया है। इन दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना, सीपीएम और सीपीआई शामिल हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम उन विपक्षी दलों से बात करना चाहते हैं जिनके राज्य सभा सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया है। वे (विपक्ष) बैठक का बहिष्कार कर रहे हैं, उन्होंने संविधान दिवस के कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया। उन्हें समझना चाहिए कि जनता भी उनका बहिष्कार कर रही है।

## चुनाव सुधार बिल लोक सभा में पेश



चुनाव सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाने की ओर बढ़ रही सरकार ने वोटर लिस्ट को आधार से जोड़ने का विधेयक आज लोक सभा में पेश किया। विपक्ष के हंगामे के बीच चुनाव सुधार बिल पर लोकसभा में चर्चा चल रही है। वोटर लिस्ट को आधार से जोड़ने का उद्देश्य किसी व्यक्ति के एक से अधिक जगह पर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की खामी पर रोक लगाकर फर्जी मतदान की गुंजाइश खत्म करना है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक 2021 के विरोध में लोकसभा में नोटिस दिया है। इस बिल को किरण रिजिजू ने पेश किया।

## आशीष मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज

लखीमपुर खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में तीन अक्टूबर को हुए लखीमपुर हिंसा मामले में मुख्य आरोपी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा की जमानत सत्र न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई। जमानत के लिए दाखिल की गई अर्जी के कागजों में त्रुटि के चलते कोर्ट ने प्रार्थना पत्र को



अस्वीकार कर दिया। अब आशीष मिश्रा को फिर से जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल करनी होगी। साथ ही कोर्ट ने हिंसा में शामिल पांच अन्य आरोपी अंकित दास, शिवनंदन, लतीफ, शेखर और सत्यम की जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया है। तीन अक्टूबर को हुई इस घटना में चार किसानों व एक स्थानीय पत्रकार समेत आठ लोगों की हत्या हुई थी। एसआईटी की जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि यह एक हादसा नहीं बल्कि सोची समझी साजिश के तहत हत्याकांड है।

# आयकर छापों पर अखिलेश ने कॉर्टून के जरिए भाजपा को घेरा

» कहा, तुलसीदास जी कह गये हैं, हित अनहित पशु पक्षी हु जाना


» सपा प्रमुख ने सरकार पर फोन टैपिंग का भी लगाया आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा नेताओं के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। पिछले दिनों उन्होंने कहा था कि हार के डर से भाजपा ने अब सरकारी एजेंसी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसी कड़ी में आज इसी से मिलता-जुलता कॉर्टून पोस्ट कर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर हैंडल पर शायराना अंदाज में लिखा, ' तुलसीदास जी कह गये हैं, हित अनहित पशु पक्षी हु जाना। इसके साथ उन्होंने चुनाव से पहले आयकर विभाग की छापेमारी का एक कॉर्टून भी पोस्ट किया है, जिससे यूपी चुनाव और आयकर विभाग की टीम का






जिक्र किया गया है। इससे पहले सपा प्रमुख ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग मेरा और सपा के अन्य नेताओं के फोन टैप करवा रही है। सपा कार्यालय से जुड़े लोगों के फोन टैप किए जा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि ये भाजपा की बौखलाहट को दिखाता है वे जानते हैं कि वो ये चुनाव हारने जा रहे हैं। 2022 में सपा की सरकार आ रही है। ऐसे में वे हर हथकंडा अपना रहे हैं लेकिन मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि समाजवादी विजय रथ रुकने वाला नहीं है। आयकर विभाग ने शनिवार को छापेमारी की थी।

## भाजपा को झटका, पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह सपा में शामिल

चुनाव से पहले सपा का कुनबा बढ़ता जा रहा है। विभिन्न दलों के कद्दावर नेता सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए सपा में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज बलिया की चिलकहर विधान सभा से भाजपा के पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह अपने साथियों के साथ सपा में शामिल हुए। सपा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।



# योगी ने की माफियाओं की सफाई : नड्डा

## अंबेडकरनगर में भाजपा अध्यक्ष ने जन विश्वास यात्रा को दिखाई हरी झंडी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अंबेडकरनगर के अकबरपुर से जन विश्वास यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत की और जै श्रीराम का नारा लगाया। उन्होंने कहा ई हमार सौभाग्य है कि भगवान श्रीराम की धरती पर हम हैं। हम उनको नमन करते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं डॉ. डॉक्टर राम मनोहर लोहिया को नमन करते हुए यहां की धरती से लोगों का आशीर्वाद लेने आया हूं। मुझे इस धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। यहां से यात्रा शुरू होकर करोड़ों लोगों का विश्वास प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा पहले की सरकारों में लोगों को बांटा जाता था। एक दूसरे को ल?ाया जाता था लेकिन भाजपा सरकार में सबको साथ लेकर चला जा रहा है। बाकी पार्टियों में वंशवाद परिवारवाद है। वे सभी वोट बैंक की राजनीति करती हैं। इनको जोड़ लो। उनको तोड़ लो यही करती हैं लेकिन भाजपा सबके लिए काम करती है। उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना और आयुष्मान योजना सबके लिए है। अन्य दलों में यह संभव नहीं है। अब चुनाव आ गए हैं, सभी राजनीतिक दल लुभावने नारे लगाएंगे, लेकिन पीछे की सरकारों ने क्या किया है, यही उनके आगे की भूमिका तय करेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश से माफियाओं की सफाई कर दी है। यह सरकार की सही नीयत के कारण हुआ। भ्रष्टाचार, अनाचार और दुराचार की पर्यायवाची समाजवादी पार्टी है। यह दिलाता चाहता हूं कि ये लोग नए नहीं हैं, वही पुराने लोग हैं। यह वही सपा है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ आवाज उठाती है। इन्हें न तो युवाओं की फिक्र है और न ही किसानों की। उन्हें जिन्ना पसंद है हमें गन्ना पसंद है।




### योगी को काम दो और विपक्ष को घर में आराम दो

नड्डा ने कहा योगी की सरकार बरकरार रखनी है वह माफिया को अंदर रखेंगे। उन्होंने कहा विपक्ष कानून के भक्षक हैं, इसलिए इन्हें घर में आराम दो और योगी को काम दो। धारा 370 हो या ट्रिपल तलाक का मामला हो, मोदी ने हल किया। रामजन्म भूमि पर हम सब चाहते थे कि मंदिर बने लेकिन कांग्रेस इसे अटकती थी भटकती थी। अखिलेश के पिता मुलायम सिंह ने रामभक्तों पर गोली चलवाई थी। पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था आज यह आगे बढ़ रहा है। बिजनेस की नई कहानी लिख रहा है। हर जगह एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। आज फर्क दिख रहा है। इसे डबल इंजन की सरकार से बनाये रखना है।

## सीएम योगी ऑलराउंडर खिलाड़ी : राजनाथ सिंह

लखनऊ। झांसी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की जन विश्वास यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों की आंखों में धूल झोंककर नहीं, बल्कि आंखों में आंखें डालकर राजनीति करती है। यही हमारा चरित्र है। भाजपा की सरकार बनने पर हम विकास भी करते हैं और विरासत को भी संभालने का काम करते हैं। भारत की आन, बान, शान के प्रतीक हमारे मंदिरों पर आक्रमण कर आताताइयों ने ध्वस्त कर दिया था, जबकि हम हमेशा से कहते थे कि भाजपा की सरकार बनने पर मंदिर खड़े होंगे। मादी के प्रधानमंत्री बनने पर सोमनाथ के मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू हुआ था। ईश्वर की मर्जी से भाजपा सरकार में ही अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ और अब जो भी



काशी विश्वनाथ मंदिर का भव्य स्वरूप देख रहा है, उसकी छाती चौड़ी हो जा रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी तो वे करते ही हैं, गेंदबाजी में भी अच्छे-अच्छों के विकेट उड़ा देते हैं। योगी जी की इन स्विंग व आउट स्विंग गेंदों में कांग्रेस, सपा व बसपा आउट हो जाएंगी। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताईं।

## 'एक क्लिक में मिले सारे कानूनों की जानकारी'

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के कानूनों को सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने के मामले में उठाए गए कदमों को लेकर असंतोष जताया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने जो संशोधन किए हैं वे पर्याप्त नहीं हैं। नए संशोधनों के साथ पुराने कानून की जानकारी नहीं दी गई है जिससे यह नहीं पता चल पाता है कि संशोधन क्या हुआ है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे एक ही क्लिक में सभी जानकारियां मिल जाएं। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल एवं न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने इस मामले में स्वत: कायम जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। इससे पूर्व कोर्ट ने राज्य सरकार को अपने कानूनों और उनमें किए गए संशोधनों को सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश? दिया था। कोर्ट ने कहा कि सरकार के बनाए कानून और उन कानूनों में हुए संशोधन का प्राइवेट प्रकाशकों द्वारा सही प्रकाशन न करने से न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों को परेशानी होती है। गलत प्रकाशित कानूनों के कारण कोर्ट को भी मुकदमों की सुनवाई के दौरान सही जानकारी नहीं मिल पाती है।

## आरएसएस और भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं : प्रियंका गांधी

### » रायबरेली में कांग्रेस महासचिव ने महिलाओं से किया संवाद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली के रिफॉर्म क्लब में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर देश की सारी महिलाएं एक हो जाएं तो हम राजनीति बदल देंगे। कांग्रेस ने महिलाओं के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी किया है जिसमें सिर्फ स्कूटी और स्मार्ट फोन देने का वादा ही नहीं किया गया है बल्कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकार देने की बात की गई है। उन्होंने अपील किया कि आप हमें शक्ति दीजिए। हम आपको देंगे। इसके पहले वह जिले के बछरावां क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में गईं और वहां दर्शन किए।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म हमें सच्चाई और प्यार का रास्ता दिखाता है। आरएसएस और भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं। राहुल गांधी हिंदू धर्म और हिंदुत्व के बीच के फर्क को सामने रख रहे हैं। इसके अलावा प्रियंका गांधी ने अपने संभावित रायबरेली के प्रत्याशियों से उनके आवास पर मुलाकात की। सरेनी विधानसभा के प्रत्याशी सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संजीव पाण्डेय ने इस मुलाकात को सार्थक बताया है।



### मथुरा में भी बने भव्य मंदिर : हेमा मालिनी



लखनऊ। काशी में विश्वनाथ गलियारे के कायाकल्प का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद उनके निर्वाचन क्षेत्र मथुरा को भी भव्य मंदिर मिलने की उम्मीद है। हेमा मालिनी ने इंदौर में कहा कि राम जन्मभूमि और काशी के जीर्णोद्धार के बाद स्वाभाविक रूप से मथुरा भी काफी महत्वपूर्ण है। यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने आईं भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि वह सोमवार को काशी जा रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्यार और स्नेह के प्रतीक भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा की सांसद होने के नाते, मैं कहूंगी कि एक भव्य मंदिर होना चाहिए। एक मंदिर पहले से ही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह इसे नया रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ का कायाकल्प और पुनर्विकास बहुत कठिन था। यह मोदी जी की दूरदर्शिता को दर्शाता है। अयोध्या और काशी के बाद मथुरा में भी उनके निर्वाचन क्षेत्र मथुरा को भी भव्य मंदिर मिलेगा।

## भाजपा राज में कोई सुरक्षित नहीं : हार्दिक पटेल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। प्रतापगढ़ जिले के कांधरपुर बाजार के मेला बाग में कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान महापंचायत में बतौर मुख्य अतिथि गुजरात के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा की सरकार में किसान परेशान हैं। उन पर अत्याचार हो रहा है।

महंगाई, बेरोजगारी, लूट, हत्या, बलात्कार जैसी घटनाओं की बाढ़ आ गई है। कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा एक सर्वे रिपोर्ट में सामने आया था कि पांच वर्षों से कई जिलों में धारा 144 लगी हुई है। इसका मतलब है कि महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। दो करोड़ लोगों के रोजगार देने सहित सरकार के सभी वादे झूठे साबित हुए हैं। शिक्षा, महंगाई, बिजली व खाद महंगी हुई है। आखिर कब तक ईडी और इनकम टैक्स के नाम पर डरेंगे लोग। भाजपा की सरकार को हटाना है। कांग्रेस की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास नौजवानों के लिए कोई प्लान नहीं है। हमारी पार्टी की जहां सरकार है, वहां यूपी की अपेक्षा पेट्रोल-डीजल सस्ता है। रोजगार मांग रहे युवाओं पर लाठियां बरसाई जा रही हैं।




## उत्तराखंड में कांग्रेस ने किसान सम्मान रैली से भरी आगामी चुनाव की हुंकार, भाजपा को घेरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

देहरादून। कांग्रेस ने किसान सम्मान रैली कर डीडीहाट और पिथौरागढ़ विधानसभा के मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। इसमें महिला किसानों को सम्मानित किया गया। कांग्रेसी नेताओं ने मंच से केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने देश की जनता को डरा दिया है। लोग अपनी बात कहने से डर रहे हैं लेकिन चुनाव में जनता इसका हिसाब डबल इंजन को देगी। झौलखेत मैदान में आयोजित रैली में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं। मेरी मां किसान थी जो हल भी जुतवाती थी और खेत गोड़कर काम भी कराती थीं। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ जिले में कांग्रेस काल में पूर्व विधायक मयूख महर ने कई काम कराए। पिथौरागढ़ में सबसे अधिक सड़कें बनीं। कांग्रेस शासन काल के कामों को भाजपा आगे नहीं बढ़ा पाई। नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने पूर्व विधायक महर की सराहना की। कहा कि महर के दिल में पिथौरागढ़ बसता है। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा केंद्र सरकार देश बेचने का काम कर रही है।



### प्रदेश में परिवर्तन की लहर

पूर्व कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की लहर है। भाजपा के नेता कहते हैं कि दिल्ली से दून, दून से दिल्ली दो घंटे में जा सकते हैं लेकिन हल्द्वानी से पिथौरागढ़ सड़क मार्ग की क्या दशा है। मुख्यमंत्री लगातार कह रहे हैं, हमने रोजगार देने का काम किया है लेकिन पहाड़ का युवा पलायन करने के लिए मजबूर है। अगर उन्होंने काम किया तो श्वेत पत्र जारी कर बताएं कि क्या किया। आर्य ने कहा कि जो चुनाव में कहा जाएगा उसे पूरा किया जाएगा। पूर्व विधायक महर ने कहा आंदोलित किसानों ने देश और सरकार को नई दिशा दिखाई।

# भाजपा हटाओ पद यात्रा : अमेठी में फिर जड़ जमाने की कोशिश में कांग्रेस

» विधान सभा चुनाव से पहले कांग्रेस प्रतिज्ञा पद यात्रा को राहुल और प्रियंका ने दी धार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेठी में साढ़े छह किमी लंबी कांग्रेस प्रतिज्ञा पद यात्रा को धार देते हुए कहा भाजपा हटाओ, महंगाई भगाओ। राहुल और प्रियंका भाजपा हटाओ, महंगाई भगाओ पद यात्रा पर कार्यकर्ताओं के साथ अमेठी जिले की सड़कों पर निकले। अमेठी की जनता से संवाद किया। इस यात्रा का मकसद अमेठी की पांच विधान सभा सीटों पर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करना है।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी अपने पुराने किले अमेठी में कांग्रेस पार्टी जन जागरण अभियान चला रहे हैं ताकि 2022 के चुनाव में कांग्रेस मजबूत हो सके। अमेठी कांग्रेस का गढ़ रहा है। राहुल गांधी यहां से लोक सभा का चुनाव जीतते रहे हैं लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। वर्ष 2004, 2009 और 2014 के लोक सभा चुनाव में अमेठी से राहुल लगातार चुनाव जीते थे। 1999 में सोनिया गांधी यहां से चुनाव जीती थीं। इस लिहाज इस क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ मजबूत रही है लेकिन 2019 से यहां कांग्रेस का प्रभाव कम हो रहा है। यूपी चुनाव से पहले कांग्रेस नेतृत्व अपने इस गढ़ में फिर पार्टी की पकड़ मजबूत करना चाहता है।

राहुल और प्रियंका की यात्रा को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। प्रियंका गांधी करीब चार माह से उत्तर प्रदेश में बेहद सक्रिय हैं, अब उनको केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी का भी साथ मिल रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि देश व प्रदेश में महंगाई काफी बढ़ी है। लाखों की संख्या में युवक रोजगार की आस लगाए हुए है। युवाओं को रोजगार न मिलने से वह अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है। प्रदेश में किसानों, महिलाओं के साथ अत्याचार भी हो रहे है। भाजपा भगाओ, महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा के समापन के बाद दोनों नेता आमजन को सरकार की नाकामियों के बारे में बताएंगे।






## अमेठी है किसका गढ़?

यूपी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी भले ही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पास है, लेकिन अमेठी को मजबूत करने की कवायद में राहुल गांधी जुट गए हैं। हालांकि, साल दर साल अमेठी में कमजोर हुई कांग्रेस को 2017 में एक भी सीट नहीं मिली थी। स्मृति ईरानी की बनाई जमीन पर अमेठी की 4 में से 3 सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, जबकि एक पर सपा काबिज हुई थी।

### हिंदु-हिंदुत्व पर फिर छोड़े सियासी तीर

अमेठी पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि आपने मुझे राजनीति सिखाई। मैं आपका धन्यवाद देता हूं। आज एक तरफ हिंदू खड़े हैं जो सच्चाई फैलाते हैं। दूसरी तरफ हिंदुत्ववादी खड़े हैं, जो नफरत फैला रहे हैं। राहुल ने कहा कि देश के सामने दो सवाल हैं। पहला बेरोजगारी और दूसरा महंगाई। जब इस पर सवाल किया जाता है तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जवाब नहीं देते हैं। ये नहीं बताते कि रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है। पीएम मोदी इसका जवाब नहीं देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी तीन काले कानून लाए। पहले कहा कि कानून किसानों के हित में हैं। एक साल किसान धरने पर रहा। अब कह रहे माफी मांग रहा हूं,गलती हुई। लोक सभा में कहा एक भी किसान नहीं मरा है। हमने पंजाब में 400 किसानों की मदद की। नोटबंदी और जीएसटी का फायदा किसानों को, दुकानदारो को नहीं मिला।

### पदयात्रा के लिए आखिर जगदीशपुर विधान सभा ही क्यों?

साल दर साल अमेठी में कांग्रेस यूं तो कमजोर होती ही गई है, लेकिन बीते 32 सालों में कहीं न कहीं जगदीशपुर विधान सभा पर कांग्रेस की पकड़ बनी रही है। 1989 से 2021 के बीच 32 सालों में यहां कांग्रेस सिर्फ 3 बार हारी है। दरअसल, जगदीशपुर विधान सभा वही क्षेत्र है, जहां गांधी परिवार ने सत्ता में रहते हुए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया। हालांकि समय के साथ यहां का विकास खत्म हो गया। जगदीशपुर सुरक्षित सीट में आती है। ऐसे में यहां दलित वोटर्स की संख्या ज्यादा है। कांग्रेस का कभी कोर वोट बैंक रहा दलित अब दूसरे इलाकों में दूसरी पार्टियों में चला गया हो, लेकिन यहां अभी भी लोग कांग्रेस को अहमियत देते हैं।

## स्मृति का किला भेद पाएंगे राहुल?

2019 के लोक सभा चुनाव में स्मृति ईरानी के हाथों अमेठी में मिली हार के बाद से राहुल गांधी ने यूपी से दूरी बना ली। राहुल आखिरी बार अमेठी 10 जुलाई 2019 को पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद कभी नहीं गए। इस दौरान स्मृति ने अपने किले को काफी मजबूत किया है। अमेठी में राहुल की ताकत संजय सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली है। ऐसे में कहीं न कहीं राहुल गांधी अमेठी में कमजोर माने जा रहे हैं। दरअसल, संजय गांधी अमेठी में राहुल के मुख्य रणनीतिज्ञों में आते थे। सांसद रहने के दौरान राहुल का फोकस सिर्फ अपनी संसदीय सीट पर ही रहा। वह अमेठी की विधान सभा सीटों पर फोकस नहीं कर पाए।



# चुनावी जंग को भाजपा ने बिछायी बिसात, दिग्गजों ने संभाली कमान

» पीएम मोदी से लेकर अमित शाह तक सभाओं को कर रहे संबोधित

» हर वर्ग को साधने में जुटी भाजपा, विकास कार्यों पर भी फोकस

» दूसरे प्रांतों से उत्तर प्रदेश पहुंचे नेताओं ने भी डाला डेरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। यूपी में सत्ता बरकरार रखने के लिए भाजपा ने पूरी तरह कमर कस ली है। पीएम मोदी से लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तक ने इसकी कमान संभाल ली है। वे यूपी में ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं और भाजपा के पक्ष में प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के 1200 से अधिक भाजपा नेताओं ने यूपी में डेरा डाल दिया है।**



विधान सभा चुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनावी सभाओं का दौर तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी प्रदेश में भाजपा के चुनावी अभियान को धार देने में जुटे हैं। पीएम मोदी लगातार यहां का दौरा कर रहे हैं और विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। वहीं अमित शाह विभिन्न वर्गों से संवाद करने में जुटे हैं। पिछले दिनों उन्होंने निषाद समाज की सभा को संबोधित किया। इसी प्रक्रिया में संगठन की दृष्टि से सबसे मजबूत कहे जाने वाली भाजपा के 1200 से अधिक शीर्ष कार्यकर्ताओं ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश से आकर उत्तर प्रदेश की सभी विधान सभाओं में डेरा डाल दिया है। सांसद और विधायक स्तर के भाजपाइयों को प्रवासी और जनपद स्तर के पदाधिकारियों को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा जनपद और मंडल स्तर पर भी गैर राज्यों के कद्दावर नेताओं को दायित्व दिए गए हैं। भाजपा ने विधान सभा चुनाव के लिए यह व्यूह रचना उत्तर प्रदेश में संगठन की दृष्टि से छह प्रांतों में अलग-अलग की है। ब्रज प्रदेश में आए 163 प्रवासी और प्रभारियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों का जायजा ले लिया है। तय योजना के तहत पिछले दो दिन के दौरान गैर राज्यों से आए इन भाजपाइयों ने अपने विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर लिया है। अब इन्हें उत्तर प्रदेश के चुनाव तक यहां रहना है।

## छह प्रांतों में बंटी संगठनात्मक व्यवस्था

उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन की दृष्टि से छह प्रांतों में बंटी हुई है। इसमें ब्रज, पश्चिम, काशी, अवध, बुंदेलखंड, गोरक्ष प्रांत शामिल हैं। 403 विधानसभाएं भी उक्त प्रांतीय व्यवस्था में विभाजित हैं। भाजपा ब्रज क्षेत्र के महामंत्री नगेंद्र सिकरवार ने कहा कि पड़ोसी हिंदी भाषी राज्यों से उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि आ गए हैं। ब्रज क्षेत्र में करीब पौने दो सौ कद्दावर नेताओं का आगमन हुआ है। इन सभी को विधान सभा आवंटित करते हुए प्रवास की जिम्मेदारी दे दी गई है। यह स्थानीय नेताओं के साथ तालमेल बनाते हुए चुनावी रणनीति पर काम करेंगे।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# कोरोना की तीसरी लहर की आशंका

“ कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन ने उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में दस्तक दे दी है। ओमिक्रॉन को कोरोना के डेल्टा वेरिएंट से कई गुना संक्रामक माना जा रहा है। विदेशों में जिस तरह से इसके केस बढ़ रहे हैं उससे इसकी पुष्टि भी होती है। हालांकि अभी इस वेरिएंट से केवल एक व्यक्ति की ब्रिटेन में मौत हुई है। वहीं भारत में विशेषज्ञों ने तीसरी लहर की आशंका जाहिर कर दी है और इसके अगले साल जनवरी में आने की संभावना जताई है।

*कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन ने उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में दस्तक दे दी है। ओमिक्रॉन को कोरोना के डेल्टा वेरिएंट से कई गुना संक्रामक माना जा रहा है। विदेशों में जिस तरह से इसके केस बढ़ रहे हैं उससे इसकी पुष्टि भी होती है। हालांकि अभी इस वेरिएंट से केवल एक व्यक्ति की ब्रिटेन में मौत हुई है। वहीं भारत में विशेषज्ञों ने तीसरी लहर की आशंका जाहिर कर दी है और इसके अगले साल जनवरी में आने की संभावना जताई है। बावजूद इसके न तो सरकार इसे गंभीरता से ले रही है न ही जनता। लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। सवाल यह है कि विशेषज्ञों की हिदायतों के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें ओमिक्रॉन से निपटने के लिए जरूरी कदम क्यों नहीं उठा रही हैं? कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन क्यों नहीं कराया जा रहा है? खतरे के बावजूद स्कूलों को खोलने की प्रक्रिया क्यों जारी रखी जा रही है? बच्चों का टीकाकरण क्यों नहीं शुरू किया जा रहा है? क्या डेल्टा वेरिएंट की हाहाकारी स्थितियों से सरकारों ने कोई सबक नहीं सीखा है? क्या कोरोना की एक और लहर देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में नहीं पहुंचा देगी?*

*पिछले दो सालों ने कोरोना ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले रखा है। यह लगातार अपने रूप बदल रहा है। डेल्टा के बाद अब नया ओमिक्रॉन वेरिएंट फैल रहा है। ओमिक्रॉन दक्षिण अफ्रीका से दूसरे देशों में फैला। ब्रिटेन समेत कई देशों में इसका प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। भारत में भी एक दर्जन राज्यों में इसने दस्तक दे दी है। इसके केस तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। ओमिक्रॉन के देश में डेढ़ सौ से अधिक केस मिल चुके हैं जबकि सैकड़ों सैंपल की जांच रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। कुछ केस ऐसे भी मिले हैं जिसमें संपूर्ण टीकाकरण कराने वाला व्यक्ति भी संक्रमित पाया गया है। वहीं इसके संक्रमण की तीव्रता को देखते हुए विशेषज्ञ देश में तीसरी लहर के आने की आशंका जाहिर करने लगे हैं। राष्ट्रीय कोविड सुपर मॉडल समिति के प्रमुख विद्यासागर ने तीसरी लहर की आशंका जाहिर कर दी है। हालांकि उन्होंने इसके डेल्टा से कम घातक होने की बात कही है। विशेषज्ञों की हिदायतों के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें गंभीर नहीं दिख रही हैं। देश में अभी तक 18 साल से ऊपर के केवल 54 फीसदी लोगों का ही संपूर्ण टीकाकरण हो सका है। वही बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू नहीं हो सका है। संक्रमण के बावजूद तमाम राज्यों में स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। यह बेहद खतरनाक है। नवी मुंबई में एक स्कूल के 16 बच्चे संक्रमित मिले हैं। इसी तरह हरियाणा में भी स्कूली बच्चों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं लोग सार्वजनिक स्थलों पर कोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जाहिर है यदि तीसरी लहर की आशंका को निर्मूल करना है तो सरकार को तत्काल सख्त कदम उठाने होंगे। कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराना होगा। टीकाकरण की रफ्तार बढ़ानी होगी। साथ ही इससे निपटने के लिए जरूरी संसाधन अभी से जुटाने होंगे।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से नए हिंदू राष्ट्र का उदय!

श्रवण गर्ग



13 दिसंबर, 2021 के दिन को ऐतिहासिक बनाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी का काशी विश्वनाथ कॉरिडोर अपने असंख्य हिंदू भक्तों को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा 'विश्वनाथ धाम का यह नया परिसर एक भव्य भवन भर नहीं है। यह प्रतीक है हमारे भारत की सनातन संस्कृति का। यह प्रतीक है हमारी आध्यात्मिक आत्मा का। यह प्रतीक है भारत की प्राचीनता का, परम्पराओं का। भारत की ऊर्जा का, गतिशीलता का।'

कोई पांच दशक पहले (22 अक्टूबर, 1963)को देश के प्रथम प्रधानमंत्री और 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के रचनाकार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पंजाब में सतलुज नदी पर निर्मित भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा था 'मेरी आंखों के सामने एक नमूना हो जाता है ये काम, सारे हिंदुस्तान के बढ़ने का, हिंदुस्तान की एकता का। आप इसे एक मंदिर भी पुकार सकते हैं या एक गुरुद्वारा भी या एक मस्जिद।' लगभग 284 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तब के इस सबसे बड़े बांध के पूरा होने के पहले नेहरू तेरह बार निर्माण-स्थल पर गए थे। एक धर्मनिरपेक्ष प्रजातांत्रिक राष्ट्र के नागरिक होने के तौर पर क्या हम यह विचार नहीं करना चाहते कि 1963 के बाद के लगभग साठ साल की विकास यात्रा के बाद आधुनिक भारत के मंदिरों के स्थान अचानक से क्यों और कैसे बदल गए? पौराणिक महत्व के मान्य स्थलों के जीर्णोद्धार/पुनरुद्धार के जरिए देश में धार्मिक क्रांति और आध्यात्मिक साम्प्रदायिक पुनर्जागरण तो हो सकता है, आर्थिक-सामाजिक न्याय की कल्पना कैसे साकार की जा सकती है? क्या भय नहीं महसूस होता कि आगे बढ़ने के स्थान पर देश को किसी ऐसे कालखंड में धकेला जा रहा है जो नागरिकों को किसी काल्पनिक मोक्ष की प्राप्ति तो करवा सकता है, रोटी और रोजगार नहीं दिला सकता। काशी-विश्वनाथ धाम की यात्रा से कोई दो सप्ताह पहले 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने एक ऐसी बात कही थी जिस पर उन विशेषज्ञों ने भी ध्यान नहीं दिया जो अनंतकाल तक सत्ता में बने रहने की लालसा रखनेवाले शासनाध्यक्षों के मनोविज्ञान का बारीकी से अध्ययन करते हैं। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज करवाने वाले एक व्यक्ति ने जब मोदी को सत्ता में बने रहने का आशीर्वाद दिया तो प्रधानमंत्री ने जवाब दिया 'मुझे सत्ता में बने रहने का आशीर्वाद मत दीजिए, मैं हमेशा सेवा में जुटे रहना चाहता हूं।'

सत्ता के मुकाबले सेवा में जुटे रहने की बात प्रधानमंत्री के किसी स्क्रिप्ट लेखक के दिमाग़ की उपज हो सकती है इसमें संदेह है। इस बात में भी शक है कि उनके किसी सलाहकार की इतनी हिम्मत हो सकती है कि नेहरू के कद का कोई वाक्य ऐसी शख्सियत के मुंह से प्रकट करा दे जिसने आधुनिक भारत के मंदिरों की परिभाषा को पूरी तरह से उलट दिया है। लगता यही है कि चर्चा के दौरान किसी कमजोर क्षण में इस तरह की बात मुँह से निकल गई होगी। देश के नागरिकों में अब यह जिज्ञासा प्रबल होनी चाहिए कि वे अपने प्रधानमंत्री को किस तरह के भारत-निर्माता के रूप में याद करना और उनके शासनकाल में पुनर्लिखित किस तरह के इतिहास को अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों के हाथों में सौंपना चाहेंगे। विश्व नागरिक के रूप में हम इस समय जिस कालखंड के साक्षी हैं उसमें अमेरिका, चीन, रूस, ब्राजील, तुर्की, सीरिया आदि देशों के शासन प्रमुख अलग-अलग तरीकों से इतिहास बनाने में जुटे हैं। इनमें शायद ही कोई हो जो नेहरू, तब के युगोस्लाविया के मार्शल टीटो, मिस्र के अब्दुल गमाल नासर, अमेरिका के रूजवेल्ट या कैनेडी, ब्रिटेन के चर्चिल के कद का हो। अपने प्रधानमंत्री को हम किनके साथ रखना चाहेंगे? चिंता के साथ कल्पना की जा सकती है कि आने वाले समय में देश की मूल समस्याओं को नागरिकों द्वारा भुला दिए जाने या उनसे इस आशय का अभिनय कराने के उद्देश्य से जीर्णोद्धार के काम के लिए नए-नए धार्मिक स्थलों की खोज उन मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में कराई जाए जिन्हें वाराणसी में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुत्व की अपनी महत्वाकांक्षाओं को राष्ट्रीय चेतना के अलिखित घोषणापत्र में भी तब्दील कर सकते हैं। इसमें यह भी समाहित है कि किसी नए नामकरण के साथ 'भारत' एक हिंदू राष्ट्र के रूप में घोषित/स्थापित कर दिया जाए।



चूंकि ऐसा करना हमारा अंदरूनी मामला होगा, किसी अन्य राष्ट्र को हस्तक्षेप का अधिकार भी नहीं होगा। तर्क दिया जा रहा है कि' दुनिया में या तो ईसाई राष्ट्र हैं या मुसलिम। अत: एक हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं हो सकता? जिस तरह ईसाई और मुसलिम राष्ट्रों में दूसरे धर्मों और आस्थाओं के लोग रहते हैं उसी तरह से एक हिंदू राष्ट्र में भी मुसलिम और अन्य धर्मों के लोग रह सकते हैं। नेपाल किसी समय एक हिंदू राष्ट्र के तौर पर जाना जाता था पर हिंदू बहुल जनसंख्या के बावजूद 2008 से वह एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है।'संघ और भाजपा अगर मोदी को ऐसे बड़े हिंदू नायक के रूप में स्थापित करने का इरादा रखते हैं, जो अठारहवीं शताब्दी की महारानी अहिल्या बाई होलकर की तरह से देश भर में मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार करने वाले हैं, तो हम राष्ट्र के एक नए युग में प्रवेश करने की कल्पना से रोमांचित भी हो सकते हैं और सिहर भी सकते हैं। तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में 'एक नई शुरुआत करने और नए सिरे से आगे बढ़ने' की बात कही थी। जिस समय किसान सिंघु, ग़ाज़ीपुर और टीकरी बॉर्डर से अपने घरों को लौट रहे थे, काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर से देश में एक नई शुरुआत करने के स्वर और संकेत चारों दिशाओं में गूंज रहे थे।

# मुक्त व्यापार समझौतों की संभावनाएं

जयंतीलाल भंडारी




हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर बैठक संपन्न हुई। इसमें भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन (जिसमें रूस, कजाकिस्तान, अर्मेनिया, बेलारूस, किर्गीस्तान और तजाकिस्तान शामिल हैं) के बीच सीमित दायरे वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। इस समय अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका आदि प्रमुख देशों के साथ भी भारत एफटीए करने को लेकर आगे बढ़ रहा है।

इन देशों को भारत जैसे बड़े बाजार की जरूरत है। बदले में वे भारत के विशेष उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलने को उत्सुक हैं। इससे घरेलू सामानों की पहुंच बड़े बाजार तक हो सकेगी। विगत 23 नवंबर को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच के तहत दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण व्यापार समझौता हुआ है। साथ ही दोनों देशों के बीच सीमित दायरे वाले मुक्त व्यापार समझौते की संभावनाएं बढ़ी हैं। भारत ने पिछला व्यापार समझौता 2011 में मलेशिया के साथ किया था। उसके बाद फरवरी, 2021 को मॉरीशस के साथ सीमित दायरे वाले एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। एफटीए में दो या दो से ज्यादा देश आयात-निर्यात पर सीमा शुल्क, नियामक कानून, सब्सिडी और कोटा आदि में तरजीह देने पर सहमत होते हैं। सीमित दायरे वाले ट्रेड एग्रीमेंट मुक्त व्यापार समझौते की तरह बाध्यकारी नहीं होते हैं। नवंबर, 2020 को दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड समझौते रीजनल कांप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसेप) ने 15 देशों के हस्ताक्षर के बाद मूर्तरूप लिया है, भारत उसमें शामिल नहीं हुआ। 28 अक्टूबर को आसियान देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा स्वरूप में भारत आरसेप का सदस्य होने का इच्छुक नहीं है। अब तक भारत की चिंताओं का निदान नहीं किया गया है।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-20 के शिखर सम्मेलन में जी-20 के विभिन्न राष्ट्र प्रमुखों के साथ प्रभावी बातचीत की गयी। सरकार यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और ब्रिटेन के साथ सीमित दायरे वाले व्यापार समझौते के लिए तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। भारत की 27 देशों वाले यूरोपियन यूनियन के साथ 2013 से एफटीए पर कवायद चल रही है। यूरोपीय यूनियन भारतीय निर्यात का दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य है, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद के कारण एफटीए को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। अब भारत मुक्त व्यापार समझौते से संबंधित अपनी रणनीति में देश की कारोबार जरूरतों और वैश्विक व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए जरूरी बदलाव के लिए तैयार हैं। जुलाई, 2020 में भारत और अमेरिका की वर्चुअल वार्ता में यह विचार किया गया था कि शुरुआत में सीमित कारोबारी समझौता किया जाए। प्रधानमंत्री मोदी की सितंबर, 2021 में अमेरिका की यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ वार्ता ने आर्थिक और कारोबारी संबंधों की नयी संभावनाओं का परिदृश्य तैयार किया है। वस्तुत: भारत की विभिन्न देशों के साथ एफटीए वार्ताओं के लंबा खिंचने का एक बड़ा कारण विनिर्माण जैसे कुछ बेहद गतिशील व्यापार क्षेत्रों में ऊंचे घरेलू शुल्कों का होना है। स्थिति यह है कि भारत अपने एफटीए समझौतों में लगभग सभी व्यापार को अधिक तरजीही शुल्क ढांचे के रूप में प्रस्तुत करने से हिचकिचाता रहा है। तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के मद्देनजर एफटीए भारत के लिए लाभप्रद हो सकते हैं, लेकिन अब एफटीए का मसौदा बनाते समय यह ध्यान दिया जाना होगा कि एफटीए वाले देशों में कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच कारोबारी कदम आगे कैसे बढ़ाये जा सकेंगे।

# सर्दी में अवश्य खाइये ये फल



**सर्दियों में जब ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और इसका असर शरीर पर पड़ने लगता है तो ऐसा लगता है कि अब इससे बचने के लिये अच्छी तैयारी करनी शुरू कर देनी चाहिये। हम घर के बक्से से रजाई और स्वेटर निकालना शुरू कर देते हैं। ठंड से बचने के लिए रूम हीटर लगा लेते हैं। इन सबके बावजूद हम अपने आहार में कोई परिर्वतन नहीं करते हैं। जबकि हमें गर्म कपड़ों की तरह शरीर को अंदर से गर्म रखने और बीमारियों से बचाने के लिए खान पान पर जरूर ध्यान देना चाहिए। इसके लिये आपको कुछ खास तरह के फलों और सब्जियों का सेवन करना चाहिये जो कि आपको कभी खाना नहीं भूलना चाहिये। वैसे तो इस मौसम में जो कुछ भी मिले उसे तुरंत ग्रहण करना चाहिये लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बताएंगे जिन्हें आपको नियमित खाना है, जिससे शरीर में ताकत बनी रहे और सर्दी से भी बचाव हो सके। आइये जानते हैं कि वे कौन से फल हैं जो, सर्दी में अवश्य खाने चाहिये।**




### सेब

सर्दियों में रोज सेब का रस या समखा सेब खाना चाहिये। यह दिल को मजबूत करता है और भूलने की बीमारी को भी भगाता है।



### संतरा

इसमें विटामिन सी बहुत होता है जिसको खाने से सर्दी-जुकाम नहीं होता और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। यदि आप रोज संतरा खाएंगे तो आपको घर में एंटीबायॉटिक दवाएं रखने की जरुरत नहीं पड़ेगी।




### केला

केले में अच्छी मात्रा में फाइबर, विटामिन सी और पोटैशियम पाया जाता है जो कि ब्लड प्रेशर को ठीक बनाए रखने में मदद करता है और सर्दी में दिल की बीमारी को दूर भगाता है। इसमें विटामिन बी6 भी होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और सर्दी नहीं लगने देता।



### लाल अंगूर

इसमें विटामिन सी, ए और बी6 होता है और बहुत सारा फोलेट, पोटैशियम, आयरन, कैल्शियम आदि होता है। इसे खाने से आपको कब्ज, थकान और पेट संबंधी कोई बीमारी नहीं होगी।




### कीवी

इसमे विटामिन सी होता है। ब्रेकफास्ट के समय यदि इसमें हल्का सा नमक छिड़क कर खाया जाए तो शरीर गरम रहता है और ठंड नहीं लगती।



### नाशपाती

इसे खाने से पहले यदि इसे काट कर उस पर नींबू रगड़ देंगे तो इससे नाशपाती का रंग काला नहीं पड़ेगा।



### अनार

अनार के दानों में पॉलीफिनॉल होता है जो कि सूजन से लड़ने में सहायक होता है।



### अमरूद

एक कप अमरूद में 8,500 माक्रोग्राम एंटीऑक्सीडेंट लाइकोपाइन पाया जाता है जो कि परिहृदय धमनी की बीमारी के लिये लाभदायक होता है।

# सर्दियों में बच्चे को रोजाना एक केला खिलाने से मिलेंगे ये फायदे

**सर्दियों के मौसम में सर्द हवाओं के चलने से सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार होना आम सी बात है। इस मौसम में सबसे ज्यादा बीमार बच्चे ही होते हैं क्योंकि उनकी रोग- प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। बच्चों के बार-बार बीमार होने से पैरेंट्स परेशान होते हैं और सोचते हैं कि बच्चों को क्या खिलाएं जिसको खाने से बच्चा स्वस्थ और चुस्त रहे। वैसे तो सर्दियों में बहुत से फल होते हैं, जो बच्चे की सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद है लेकिन केला इस मौसम में बच्चों के लिए काफी गुणकारी साबित होता है। सर्दी में बच्चे को केले का सेवन करवाने से छोटी-मोटी परेशानियों से निजात पाई जा सकती है। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे केला बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।**

### मजबूत करें इम्यूनिटी सिस्टम

सर्दियों के मौसम में बच्चों में गैस की समस्या होती हैं, बच्चों को इससे बचाने के लिए उन्हें रोजाना उनको एक केला खाने को दें। केला खाने से पेट से संबंधित बीमारियां नहीं होती हैं।



### मुंह में छाले

मुंह में छाले होने से कोई भी चीज खाने में दिक्कत आती है। अगर बच्चे के मुंह में छाला हो तो उसे केला खाने को दें। इससे मुंह के छालों से राहत मिलेगी।

### खून की कमी करें पूरी

केले में आयरन मौजूद होता है जो हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर खून की कमी को पूरा करता है। अगर बच्चे में खून की कमी है तो उसकी डाइट में रोज एक केले को शामिल करें। इसी के साथ इससे दूबले-पतले बच्चे का वजन भी बढ़ता है।

### वायरल इंफेक्शन

सर्दी में बच्चों को खांसी, जुकाम, वायरल इंफेक्शन जैसी प्रॉब्लम रहती है। इस तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए बच्चों की डाइट में केला शामिल करें। यदि बच्चे को पहले से ही सर्दी -खांसी हो तो केला न खिलाएं क्योंकि इससे जलन पैदा हो सकती है।

### एनर्जी बढाएं

सर्दी हो या गर्मी, बच्चे हमेशा खेलते-दौड़ते रहते हैं, जिससे उनके शरीर की खूब एनर्जी वेस्ट होती है। केले में कार्बोहाइड्रेट और शुगर की मात्रा अधिक होती है जिसको खाने से एनर्जी मिलती है।



## हंसना मना है

रामू: थोड़े प्याज के छिलके चाहिए, होटल मैनेजर- छिलकों का क्या करोगे? रामू: लड़की वाले देखने आ रहे हैं, बाहर डस्टबिन में डालूंगा। होटल मैनेजर- बेहोश।

जो पति अपनी बीवी के सामने जुबान नहीं खोल पाते......वे रात में खर्राटे लेकर अपना बदला पूरा करते हैं।

चाय में डूबा हुआ बिस्किट और प्यार में डूबा हुआ दोस्त......दोनों किसी काम के नहीं होते हैं।

गाड़ियों पर सांसद, विधायक, एडवोकेट लिखवाने का सीधा मतलब है कि......गाड़ी के मालिक के पास लाइसेंस और कागज, दोनों नहीं हैं।

कोई भी काम भूलने पर भारत में सबसे ज्यादा बोले जाने वाला व्यंग्य बाण......रोटी खाना तो नहीं भूलता।

जिंदगी में सबसे सुखी गंजा आदमी होता है... क्योंकि उसकी कोई मांग नहीं होती।

पति-पत्नी का झगड़ा भी अजीब होता है...ना थाना, ना गवाही, बस दो दिन मुंह फुलाकर अपने आप सुलझ जाता है।

## कहानी | मुल्ला नसीरुद्दीन और बेईमान काजी

एक दिन जब मुल्ला नसीरुद्दीन बाजार में टहल रहा था। तब अचानक ही एक अजनबी उसके रास्ते में आ गया और उसने नसीरुद्दीन को एक जोरदार थप्पड़ रसीद कर दिया। इससे पहले कि नसीरुद्दीन कुछ समझ पाता, अजनबी फौरन ही अपने हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। मुझे माफ कर दें। मुझे लगा आप कोई और हैं। नसीरुद्दीन को इस सफाई पर यकीन नहीं हुआ। वह अजनबी को अपने साथ शहर काजी के सामने ले गया और उससे वाक्ये की शिकायत की। चालाक नसीरुद्दीन जल्द ही यह भांप गया कि काजी और अजनबी एक दूसरे को भीतर-ही-भीतर जानते थे। काजी के सामने अजनबी ने अपनी गलती कबूल कर ली और काजी ने तुरत ही अपना फैसला सुना दिया। मुल्जिम ने अपनी गलती कबूल कर ली है इसलिए मैं उसे हर्जाने के बतौर नसीरुद्दीन को एक रुपया अदा करने का हुक्म देता हूं। अगर मुल्जिम के पास एक रुपया इस वक्त नहीं हो तो वह फौरन ही उसे लाकर नसीरुद्दीन को सौंप दे। फैसला सुनकर अजनबी ने कहा इस वक्त मेरे पास रुपया नहीं है मुझे थोड़ा वक्त दो मैं लेकर आता हूं यह कहकर अजनबी रुपया लाने के लिए चलता बना। नसीरुद्दीन ने अदालत में उसका इंतजार किया। देखते-देखते बहुत देर हो गई लेकिन अजनबी वापस नहीं आया। काफी देर हो जाने पर नसीरुद्दीन ने काजी से पूछा कि हुजूर, क्या आपको लगता है कि किसी शख्स को राह चलते बिला वजह थप्पड़ मार देने का हर्जाना एक रुपया हो सकता है। काजी ने जवाब दिया, हां बिलकुल हो सकता है। काजी का जवाब सुनकर नसीरुद्दीन ने उस काजी के गाल पर करारा चांटा जड़कर कहा कि वह आदमी जब एक रुपया लेकर वापस आ जाये तो आप वह रुपया अपने पास रख लेना और नसीरुद्दीन वहां से चल दिया।

## 6 अंतर खोजें





## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



नई आर्थिक नीति लागू करने का साहस जुटा पाएंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन होगा। विरोध होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। यात्रा हो सकती है।

**वृषभ**



तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात होगी। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**मिथुन**



चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। विशेषकर स्त्रियां सावधानी से रहें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी अपने ही व्यक्ति का व्यवहार ठीक नहीं रहेगा।

**कर्क**



किसी तीर्थस्थान के दर्शन सुलभ होंगे। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी न करें। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**सिंह**



चोट व दुर्घटना आदि से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपरिचित लोगों पर विश्वास न करें।

**कन्या**



कानूनी सहायता समय पर प्राप्त होगी। बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। मित्र व संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**



शोक समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। दौड़धूप अधिक होगी। बनते कामों में बाधा संभव है। सामंजस्य बैठाएं।

**वृश्चिक**



मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। सामाजिक पूछ-परख बढ़ेगी। रुके काम पूर्ण होंगे। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी।

**धनु**



पुराने भूले-बिसरे मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। मनोनुकूल सूचना प्राप्ति होगी। विवाद न करें। किसी व्यक्ति का व्यवहार मनोनुकूल नहीं रहेगा।

**मकर**



रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम लेने का साहस कर पाएंगे। कोई बड़ी समस्या का हल मिल सकता है। प्रसन्नता रहेगी।

**कुम्भ**



अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी में संयम आवश्यक है। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक से कार्य करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।


**मीन**



रुका हुआ धन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा में सावधानी रखें। घर-बाहर से सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। संचित धन में वृद्धि होगी।

भोजपुरी | मन की बात

# पुष्पा में सामंथा के नए अंदाज ने जीता दिल



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के लीड रोल वाली फिल्म पुष्पा को सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया गया है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों के बीच मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है। फिल्म में बेशक कुछ कमियां देखने को मिली है, लेकिन इसके बावजूद इसे फुल एंटरटेनिंग फिल्म माना जा रहा है। फिल्म में अल्लू अर्जुन के शानदार प्रदर्शन को काफी सराहा जा रहा है। वहीं, उनके साथ रश्मिका मंदाना को भी इसमें लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जा रहा है। इन दोनों के फिल्म में सामंथा भी नजर आई हैं। इस फिल्म में पहली बार उन्हें एक आइटम सॉन्ग पेश करते देखा गया है। इस दौरान उन्होंने अपने बेहद बोल्ड अंदाज से सभी को हैरान कर दिया है। सामंथा के इस अंदाज को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। जैसा कि गाने को पुष्पा के पहले भाग के अंत में अनुक्रमित किया गया है, दर्शक आइटम गीत पर मदहोश दिखाई दे रहे हैं। सामन्था का पहला विशेष सॉन्ग होने के कारण, ऊ अंतवा मावा ऊ अंतवा मावा गीत को खूब प्रचारित किया गया है। सामंथा की असीमित फॉलोइंग गाने के इर्द-गिर्द इस तरह के प्रचार के कारकों में से एक है, भले ही यह किसी अन्य सामान्य आइटम गीत की तरह लग रहा हो। सामन्था निर्विवाद रूप से अपने अब तक के सबसे सेक्सी अवतार में है क्योंकि उन्होंने बिना किसी अवरोध के अपने सामूहिक पक्ष को उजागर किया है। वहीं, सामन्था की अपकमिंग फिल्मों पर बात करें तो जल्द ही उन्हें शाकुंतलम के अलावा दो बहुभाषी फिल्मों में देखा जाएगा।

# प्रियंका चोपड़ा ने ब्लैक नेट वाली ड्रेस में ढाया कहर

बॉलीवुड | मसाला



प्रियंका चोपड़ा आज उस मुकाम पर हैं कि वह जो भी करती हैं, वो दुनियाभर में एक ट्रेंड बन जाता है। बात चाहे प्रियंका की एक्टिंग की हो, या उनके स्टाइलिश अंदाज की लोग उनकी हर अदा के दीवाने हैं। ऐसे में एक्ट्रेस फैंस के जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। अब एक बार फिर से सोशल मीडिया पर प्रियंका को बोल्ड लुक छाया हुआ है।दरअसल, इन दिनों प्रियंका अपनी अगली फिल्म द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स के प्रमोशन में काफी व्यस्त चल रही हैं। इस दौरान वह काफी ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं। अब प्रियंका ने अपनी इसी फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान करते हुए नए फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में प्रियंका बेहद खूबसूरत और बोल्ड दिख रही हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट में अपनी 4 तस्वीरें शेयर की है और हर पोज में उनके अंदाज और तेवर बिल्कुल अलग हैं। इन फोटोज में कहीं प्रियंका खिलखिलाकर हंस रही हैं, तो कहीं वह काफी गंभीर लुक में दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने यहां ब्लैक कलर का नेट वाला जम्पसूट पहना है। उन्होंने इसके साथ मैचिंग का ब्लेजर कैरी किया है। उन्होंने यहां हाई हील्स कैरी की है, जो उनके लुक में चार चांद लगा रही है। प्रियंका ने अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए बालों को बांधा हुआ है। उन्होंने यहा न्यूड मेकअप के साथ स्मोकी आई मेकअप किया है। इस लुक में एक्ट्रेस हमेशा की तरह बेहद हॉट दिख रही हैं। फैंस यहां उनके इस अंदाज के दीवाने हो गए हैं और तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस ने ये लुक द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स के प्रमोशन के दौरान कैरी किया था। प्रियंका ने अपनी ये फोटोज शेयर करते हुए इसके साथ कैप्शन में लिखा, और ये खत्म हो गया। द मैट्रिक्स मूवी। री एंटर द मैट्रिक्स 12.22.21। प्रियंका के चाहने वाले अब उनकी इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता जता रहे हैं।


# पहली बार पर्दे पर साथ दिखेंगे कटरीना और विक्की कौशल



कटरीना कैफ और विक्की कौशल बीते 9 दिसंबर को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों ने एक निजी समारोह में राजस्थान के सवाई माधोपुर में स्थित सिक्स सेंस फोर्ट बरवाड़ा में सात फेरे लिए। इनकी शादी की खबरों पर शुरुआत में फैंस थोड़े हैरान भी थे। क्योंकि इससे पहले इन दोनों को कभी साथ नहीं देखा गया था। अब खबर आई है कि कटरीना और विक्की ने हाल ही में एक प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है। इन दोनों को पहली बार पर्दे पर साथ देखा जाने वाला है। खबर है कि मेकर्स न्यूलीवेड इस कपल को एक साथ साइन करने के लिए बेताब हैं, इससे पहले ये दोनों किसी भी तरह से पर्दे पर एक ही प्रोजेक्ट का कभी हिस्सा नहीं रहे। ऐसे में अब शादी के बाद इनके पास ज्वाइंट ऑफर्स की बाढ़ आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो कटरीना और विक्की ने एक कमर्शियल के लिए आखिरकार हांमी भर दी है। कहा जा रहा है कि ये दोनों एक हेल्थ प्रोडक्ट के ऐड में साथ दिखेंगे। जल्द ही दोनों इसकी शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। खबरों की माने तो इसके अलावा भी इन दोनों ने एक लक्जरी ब्रांड के लिए हाथ मिलाया है। हालांकि, फिलहाल इस पर आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। खबरों की माने तो फिलहाल विक्की और कटरीना अपनी शादी की रिसेप्शन पार्टी की तैयारियों में काफी व्यस्त चल रहे हैं। दोनों मुंबई में 20 दिसंबर को एक ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी देने वाले हैं, जिसमें इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियों के शरीक होने की उम्मीद जताई जा रही हैं।

अजब-गजब | जानिए क्या है इसके पीछे का रहस्य

# धरती पर यहां उड़ने लगती हैं चीजें



अगर कोई वस्तु ऊपर से गिरती है, तो ग्रेविटी की वजह से धरती उसे अपनी ओर खींचती है। अगर पृथ्वी पर ग्रेविटी नहीं होती तो, कोई भी वस्तु उड़ती हुई दिखाई देती। लेकिन धरती पर एक ऐसी जगह है जहां ग्रेविटी काम नहीं करती है। इस बात पर आपको यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन यह पूरी तरह से सच है। यह जगह अमेरिका में है जिसे हूवर डैम के नाम से जाना जाता है। हूवर डैम में कोई वस्तु फेंकने पर उड़ने लगती है, क्योंकि यहां ग्रेविटी काम नहीं करती है। अमेरिका के नवादा और एरिजोना की सीमा पर हूवर डैम स्थित है। कहा जाता है कि हूवर डैम की बनावट की वजह से यहां पर ग्रेविटी काम नहीं करती है। अगर हूवर डैम से किसी भी वस्तु को नीचे फेका जाता है, तो वह नीचे नहीं गिरती है और हवा में उड़ने लगती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि हूवर डैम के ऊपर से नीचे फेकी जाने वाली वस्तुएं नीचे ना गिरने और हवा में उड़ने की वजह उसकी बनावट है। हूवर डैम की ऊंचाई अधिक है और उसकी बनावट धुनष के आकार की है। हूवर डैम की ऊंचाई 221.4 मीटर और लंबाई 379 मीटर है। इस डैम की बनावट धनुष के आकार की है। इस डैम की सबसे खास बात यह है कि यहां पर हवाएं हमेशा तेज रफ्तार में चलती हैं जिसकी वजह से हवा डैम की दीवार से टकराती है और ऊपर की ओर बहती है। इसकी वजह से यहां पर ग्रेविटी काम नहीं करती है। दुनिया के बड़े बाधों में शामिल हूवर डैम का निर्माण अमेरिका के नेवादा में कोलोराडो नदी पर किया गया है। इस बांध में ग्रेविटी काम नहीं करती है जिसे लोग एक चमत्कार मानते हैं, लेकिन वैज्ञानिक इसकी बनावट को वजह मानते हैं। अमेरिका के 31वें राष्ट्रपति हर्बट हूवर के नाम पर बनाए गए इस डैम का निर्माण 1931 से 1936 के बीच किया गया था। अमेरिका के प्रमुख बांधों में यह शामिल है।

# ये है दुनिया की सबसे महंगी मछली, करोड़ों में है कीमत



दुनिया में कई जानवर विलुप्त होने की कगार पर हैं। इसलिए अलग-अलग देशों की सरकारों ने इनके शिकार पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। विलुप्त की कगार पर पहुंच चुके जानवर इतने महंगे मिलते हैं जिनकी कीमत के बारे में आप सोच भी नहीं सकते। आईए जानते हैं एक ऐसी है मछली के बारे में जो दुनिया में सबसे महंगी है। हाल ही में यह मछली इंग्लैंड में दिखाई दी थी। दुनिया में सबसे महंगी बिकने वाली मछली का नाम अटलांटिक ब्लूफिन टूना है। विलुप्त की कगार पर पहुंच चुकी अटलांटिक ब्लूफिन टूना को देखने के बाद हर कोई हैरान है। दुनिया में सबसे महंगी मछली का रिकॉर्ड अटलांटिक ब्लूफिन टूना के नाम है। यह मछली विलुप्त होने की कगार पहुंच चुकी है। इस मछली के संरक्षण के लिए हर साल 2 मई को वर्ल्ड टूना डे मनाया जाता है। इसको बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2016 में आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड टूना डे मनाने का फैसला लिया था। ब्रिटेन में सरकार ने अटलांटिक ब्लूफिन टूना के शिकार पर बैन लगा दिया है। इसके अलावा इस मछली को पकड़े पर जेल की सजा हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अगर किसी ने गलती से इसे पकड़ लिया, तो उसे तुरंत समुद्र में छोड़ना होता है। एक शख्स ने 23 अक्टूबर को कई ब्लूफिन टूना मछलियों को एक साथ देखा था। उसने जब इन मछलियों को देखा, तो उसको अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। इससे पहले भी अगस्त के महीने में टूना मछली को देखा गया था। माना जाता है कि इंग्लैंड के कॉर्नवॉल में अटलांटिक ब्लूफिन टूना 100 साल से नहीं देखी गई थी। अब यह मछली में गर्मी के मौसम अक्सर दिखाई देती है। इस मछली से कई रोचक बातें जुड़ी हुई हैं। इस मछली का आकार टूना प्रजाति की मछलियों में सबसे बड़ा होता है और यह बहुत तेज तैरती हैं। विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी यह मछली पंडुबी से निकलने वाले टॉर्पीडो हथियार की तरह होती है। इस आकार की वजह से यह समुद्र में लंबी दूरी तक तेज रफ्तार में तैर सकती है।

# बर्फीली हवाओं ने यूपी में बढ़ाई ठंड, येलो अलर्ट जारी

» फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं

» कई जिलों में पारा लुढ़का, जनजीवन अस्त-व्यस्त

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बर्फीली हवाओं के साथ उत्तर प्रदेश में ठंड और बढ़ गयी है। सर्दियों को देखते हुए मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि, बुधवार के बाद तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। रविवार को लखनऊ का न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया है। वहीं, शहर का औसत एक्यूआई 211 पर दर्ज किया गया। सर्दी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता के मुताबिक आगामी हफ्ते में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीत लहर पूर्वी उत्तर प्रदेश की अपेक्षा ज्यादा प्रभावी होगी। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अवध और बुंदेलखंड क्षेत्र के कुछ जिले मेरठ, सहारनपुर, शामली, बागपत, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, हमीरपुर, महोबा, झांसी और आस-पास के इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले तीन दिनों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिन और रात दोनों में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक कम रहेगा। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों सोनभद्र, मिर्जापुर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, कौशांबी, गोंडा में शीतलहर चलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के पूर्वी राज्यों में बारिश की संभावना है। चित्रकूट और इटावा सबसे सर्द रहा। रविवार को चित्रकूट और इटावा में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी तरह फतेहपुर में न्यूनतम पारा पांच डिग्री, महोबा में 5.3, हमीरपुर व उन्नाव में छह, बांदा में सात, कन्नौज व कानपुर देहात में 7.4, फर्रुखाबाद में आठ, जालौन में नौ और औरैया में न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

# पोल्ट्री फार्म कर्मियों से पांच लाख की लूट

» पुलिस मामले को मान रही संदिग्ध

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

आगरा। मलपुरा क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म के कर्मचारियों से बाइक सवार लुटेरों ने पांच लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद बाइक सवार बदमाश वहां से फरार हो गए। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस लूट का संदिग्ध मान रही है।

जगदीशपुरा के नीलम एन्क्लेव निवासी हितेंद्र गोस्वामी का बोदला-बिचपुरी रोड पर स्टार फार्म्स के नाम से पोल्ट्री फार्म है। ग्वालियर के कंपू क्षेत्र निवासी दीपू और भरतपुर के उज्जैनी में बिसेरी निवासी राजन यहां कर्मचारी हैं। दोनों कर्मचारी रविवार को सैंया और तेहरा क्षेत्र के पोल्ट्री फार्म से कैश कलेक्शन करके वापस आ रहे थे। आटो से दीपू और राजन मलपुरा क्षेत्र के जखौदा पुल पर पहुंचे। तभी पीछे की ओर से एक बाइक पर आए दो लुटेरों ने उनके हाथ से नकदी का थैला छीन लिया और भाग गए। पोल्ट्री फार्म मालिक हितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कर्मचारियों से जो थैला लूटा गया है, उसमें करीब पांच लाख रुपये थे। कुछ रुपये थैले में अलग रखे थे। ये रकम बच गई है। कर्मचारियों के पास शेष रकम मिलने पर पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। लुटेरों की तलाश के बजाय पुलिस अभी कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह पोल्ट्री फार्म के कर्मचारियों ने पांच लाख रुपये लूट की सूचना दी थी मगर,उनके पास 2.25 लाख रुपये रखे मिल गए हैं। वे कुछ छिपा रहे हैं। प्रथम दृष्टया लूट संदिग्ध लग रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।


# भारत को नीचा दिखाने वालों से रहना होगा सतर्क : मोहन भागवत

» संघ के कार्यकर्ताओं को आगे और हैं खतरे, 130 करोड़ लोगों तक पहुंचना लक्ष्य, कहा, हम राष्ट्रवादी हैं, जात-पात पर नहीं रखते विश्वास

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

धर्मशाला। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत को नीचा दिखाने वाले जिन लोगों की मंशा पूरी नहीं हो रही है, वे हर स्तर पर देश को डुबाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहना होगा। कांगड़ा में आयोजित मंडल-बस्ती एकत्रीकरण कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि केवल मुट्ठी भर देश विरोधी लोग संघ का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिस संघ के पास न तो राजनीतिक शक्ति और न ही आर्थिक संपदा के साधन थे, आज वही संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा है। समय-समय पर संघ पर कई तरह के हमले हुए, हत्याएं हुईं, लेकिन कार्यकर्ताओं ने हिम्मत नहीं हारी। ऐसे अत्याचार यदि किसी अन्य संगठन पर हुए होते तो पांच वर्षों में खत्म हो जाता।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगे और भी खतरे हैं। इसके लिए सजग रहना होगा और संघ के स्वभाव को नहीं छोड़ना है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में संघ के सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। संघ को कड़ी मेहनत करते हुए वर्ष 2025 तक 130 करोड़ लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि देश में पौने सात लाख गांव हैं। अभी संघ की शाखाएं साठ हजार स्थानों पर हैं, छह लाख स्थान अभी बाकी हैं। हम राष्ट्रवादी हैं और जातपात पर कतई विश्वास नहीं रखते हैं। राष्ट्र एकजुट रहे, इसके लिए हम लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी कहीं पर नहीं लिखा है कि समाज को वर्गों में बांटा जाए।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने कहा कि देश में सैन्य शक्ति को मजबूत करने पर बल देना चाहिए।

# पंजाब में माहौल खराब करने की हो रही कोशिश : चन्नी

» बेअदबी की घटनाओं के पीछे एजेसिंयों का हाथ, मामले की तह तक जाएगी सरकार

» पंजाब के सीएम ने ली मामले की जानकारी, धार्मिक स्थलों की बढ़ाई गयी सुरक्षा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि चुनाव नजदीक हैं तो कुछ एजेंसियां और गलत ताकतें सूबे में गलत रोल अदा कर रहीं हैं। सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में शनिवार शाम बेअदबी की कोशिश के बाद मन भरा हुआ है। घटना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। इस घटना के बाद उनका मन भरा हुआ है और वह गुरुघर में नतमस्तक होने आए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार बेअदबी की घटना की तह तक जाएगी और इन घटनाओं के पीछे की ताकतों



का पता लगाएगी क्योंकि अब चुनाव निकट हैं तो कुछ एजेंसियां और गलत ताकतें पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहीं हैं इसलिए पंजाब के लोगों को चौकस रहने की जरूरत है। सभी धार्मिक स्थल, चाहे वे किसी भी धर्म से जुड़े हों, उनकी सुरक्षा यकीनी बनाई जाए। कपूरथला जिले में गुरुद्वारा साहिब में बेअदबी की कोशिश में मारे गए युवक के राज्य से 20 लोगों के आने के बाबत पूछे जाने पर चन्नी ने कहा कि इंटेलिजेंस एजेंसियां इनका पता लगा रही हैं और संगत भी चौकस रहें। हम इन घटनाओं की तह तक पहुंचेंगे और गलत ताकतों को बेनकाब करेंगे। विधान सभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में आंधी चल रही है जिससे घबरा कर प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि सीएम ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह एजेंसियां देश की हैं या बाहर की।

# स्कूल प्रबंधक ने छात्राओं से लगवाया कांग्रेस के समर्थन में नारा

» वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप पर नहीं हुई कार्रवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर जिले में स्कूली बच्चों को भी अब राजनीतिक मुद्दों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। देश का भविष्य कहे जाने वाले जिन बच्चों के हाथों में कलम-किताब होनी चाहिए उन बच्चों के हाथों में स्कूल प्रबंधक ने कांग्रेस पार्टी की प्रचार सामग्री थमाकर उनसे राजनीतिक नारा लगवाया। हैरानी की बात यह है कि स्कूली बच्चों से राजनीतिक नारा लगवाने का वीडियो सामने आने के बाद भी जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूल प्रबंधक के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के श्याम सुंदर तिवारी इंटर कॉलेज का है। रविवार की शाम से स्कूली छात्राओं का एक वीडियो



सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्कूल प्रांगण में खड़ी सैकड़ों छात्राओं के हाथों में कांग्रेस पार्टी की प्रचार सामग्री थमाई गई है। छात्राओं के पास खड़ा एक शख्स उनसे प्रियंका गांधी वाड्रा के नारे 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' का नारा लगवा रहा है। सैकड़ों छात्राएं यह नारा लगा रहीं है। स्कूली छात्राओं से राजनीतिक नारा लगवाने वाला यह शख्स स्कूल का प्रबंधक व कांग्रेस पार्टी का जिला उपाध्यक्ष शिवकांत तिवारी है, जो हुसैनगंज विधान सभा से खुद को कांग्रेस का भावी उम्मीदवार बताकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है।

# लखनऊ में मिले कोरोना के पांच नए केस अधिक संक्रमित इलाके घोषित होंगे रेड जोन

» बिहार और हिमाचल से लौटे तीन लोगों के नमूने जिनोम सीक्वेंसिंग को भेजे गए

» स्वास्थ्य विभाग ने 70 लोगों की कांट्रैक्ट ट्रेसिंग की

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को राजधानी में पांच लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इनमें दो मरीज कांटैक्ट ट्रेसिंग में पॉजिटिव मिले हैं। वहीं बिहार से लखनऊ लौटे दो और हिमाचल से पंजाब होते हुए आए एक अन्य व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वर्तमान में राजधानी में कुल 44 सक्रिय केस हैं। इनमें दो मरीज केजीएमयू और पीजीआई में भर्ती हैं। एक हफ्ते पहले प्रदेश के बाहर से आए व्यक्ति में कोरोना की पुष्टि हुई थी। इस मरीज के संपर्क में आने वाले लगभग 20 लोगों के सैंपल




जांच के लिए भेजे गये थे। इनमें दो व्यक्तियों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। दोनों मरीज लखनऊ के मूल निवासी हैं।

हिमाचल के पालमपुर से होते हुए पंजाब के संगरूर शहर से यात्रा कर आने वाले एक अन्य यात्री में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। निजी लैब में जाकर जांच कराने पर उसकी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इसके आलावा बिहार से लखनऊ की रेल यात्रा कर लौटे दो व्यक्तियों में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों की जांच रेलवे स्टेशन पर हुई थी। सीएमओ कार्यालय में कोरोना के नोडल इंचार्ज डा. मिलिंद वर्धन ने बताया कि सभी संक्रमितों की कांटैक्ट ट्रेसिंग कराई जा रही है। 70 से अधिक लोगों के नमूने एकत्र किए जा चुके हैं। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। बाहर से आये लोगों के नमूने जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जिन इलाकों में ज्यादा मामले आयेंगे उन्हें रेड जोन घोषित किया जाएगा। राजधानी में संक्रमितों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों को रेड जोन बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग तैयार है। वर्तमान में रेड जोन क्षेत्रों में आलमबाग, सरोजनी नगर, अलीगंज और सिल्वर जुबली को शामिल किया गया है। शहर में अभी 31 कंटेनमेंट जोन बने हुए है।


# केजरीवाल मॉडल को जन-जन तक पहुंचाएंगे: संजय सिंह

## » आम आदमी पार्टी ने घोषित की 30 प्रत्याशियों की तीसरी सूची

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। आम आदमी पार्टी ने यूपी विधानसभा चुनाव के लिए 30 प्रत्याशियों की तीसरी सूची घोषित कर दी। अब तक कुल 200 प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। बाकी प्रत्याशियों के नाम पर मंथन चल रहा है। तीसरी सूची में सबसे ज्यादा पिछड़ा वर्ग के 11 लोगों को, नौ ब्राह्मण, पांच अनुसूचित जाति, एक मुस्लिम, एक राजपूत और एक कायस्थ को टिकट दिया है। पहले सपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ने की चर्चा थी लेकिन अब पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

आप के यूपी प्रभारी व राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि बाकी बचे प्रत्याशियों के नाम जल्द घोषित होंगे। यह विधान सभा प्रभारी के रूप में दिल्ली में विकास के केजरीवाल माडल को जन-जन तक पहुंचाएंगे। घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने, किसानों को मुफ्त बिजली और बकाया बिल माफ करने के साथ-साथ बेरोजगारों को हर महीने पांच हजार बेरोजगारी भत्ता देने और हर साल 10 लाख नौकरी देने का वादा किया गया है। पार्टी ने 30 संभावित प्रत्याशियों की सूची में पिछड़ा वर्ग को सर्वाधिक प्रतिनिधित्व दिया है। सूची में रुदौली से मनोज कुमार मिश्र, बांगरमऊ से सत्येंद्र यादव, कानपुर की कल्याणपुर सीट से अनुज शुक्ल और लखीमपुर की मोहम्मदी सीट से रविकांत को उम्मीदवार बनाया हैं।




### सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश

प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि पार्टी की ओर से तय प्रक्रियाओं का पालन करते हुए तीस संभावित प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की गई है। इसमें सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। इसमें अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता सहित किसान, नौजवान सभी का ख्याल रखने की कोशिश की गई है। ये सभी लोग अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बनाए गए हैं और इनकी जिम्मेदारी पार्टी की रीति-नीत को जन-जन तक ले जाने की होगी। पार्टी की ओर से तय अभियान को क्षेत्र में संचालित करना भी इनकी अहम जिम्मेदारी होगी।

## बीजेपी सांसद वरुण गांधी बोले
# गोडसे का समर्थन करने वाले को मिले फांसी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। पीलीभीत पहुंचे बीजेपी के फायरब्रांड सांसद वरुण गांधी ने संविदा कर्मियों के साथ संवाद किया और धरना दे रही महिलाओं के साथ दरी पर उनके साथ बैठकर बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही मंच से भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को कुछ लोग एक मुहिम चला रहे थे महात्मा गांधी के खिलाफ, वे लोग नाथूराम गोडसे जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमें उस देश में रहते हुए शर्म आती है जो लोग महात्मा गांधी के हत्यारों को जिंदाबाद कह रहे हैं। जो लोग नाथूराम गोडसे का समर्थन और सपोर्ट कर रहे हैं उनको फांसी देनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मैं देश का पहला सांसद हूं जिसने लखीमपुर घटना को लेकर गृह राज्य मंत्री टेनी के इस्तीफे की बात की थी। दरअसल, विभिन्न विभागों में संविदा पर कार्यरत कर्मी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे, तभी उनके बीच संसद वरुण गांधी पहुंच गए। उन्होंने संविदा कर्मियों से कहा कि भीख मांगने से कभी अधिकार नहीं मिलता। इसलिए अपनी शक्ति दिखाइए, ताकि अधिकार के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े। उन्होंने यहां तक कह दिया कि संविदाकर्मियों की आवाज को बुलंद करने के लिए खुद को भी दांव पर लगाने को तैयार हैं। बता दें कि बीजेपी सांसद किसानों, युवाओं और बेरोजगारों को लेकर अपनी पार्टी की सरकार को लेकर लगातार हमलावर हैं।

# सपा की लोकप्रियता से डरी भाजपा: जूही सिंह

## » प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बदतर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा सपा की लोकप्रियता से भाजपा डर गई है। यही कारण है सपा के नेताओं के घर रेड पड़ रही है। इससे पहले भी सपा नेताओं पर मुकदमा लिखने व जेल भेजने का काम इस सरकार ने किया है। इसको लेकर जनता में आक्रोश है।

जूही सिंह ने कहा प्रदेश की जनता को सरकार की जनविरोधी, महिला विरोधी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। सरकार की योजनाएं जमीन पर नहीं पहुंच पा रही है। प्रदेश व केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार संवेदनहीन है। प्रदेश की योगी सरकार को अत्याचारी सरकार बताते हुए कहा कि काले झंडे दिखाने पर जेल भेजा जा रहा है। किसान आंदोलन करने वालों को कुचला जा रहा है। यह अत्याचारी सरकार है। यही इस सरकार की फितरत है। यह सरकार सिर्फ बात करती है। कानून व्यवस्था पर विश्वास नहीं रखती है। सपा नेत्री जूही सिंह का कहना है कि संवेदनहीन सरकार के चेहरे का नकाब हट रहा है। सरकार कानून-व्यवस्था की बात तो करती है पर विश्वास नहीं। लखीमपुर खीरी मामले में आरोपी अजय मिश्र टेनी का इस्तीफा कहां है। बीजेपी व उनकी सरकारी मशीनरी सतही कार्रवाई कर पीठ थपथपा रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो गई है।

# डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल: अजय कुमार

## » जानबूझ कर किसानों के हत्यारे को बचा रही भाजपा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। हरदोई में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। यह तक पूछ लिया कि स्मृति ईरानी कौन है। लल्लू ने कहा कि स्मृति ईरानी को अमेठी खोज रहा है। कहां की रहने वाली है स्मृति ईरानी? उनका अमेठी से क्या रिश्ता है। सांसद हो जाना सब कुछ प्राप्त कर लेना नहीं होता। कोरोना कॉल में कहां थी स्मृति ईरानी। आज धान केंद्रों पर किसान परेशान है उनको जाकर धान तौलवाना चाहिए किसानों का।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री पर बोलते हुए अजय लल्लू ने कहा अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे को लेकर लगातार कांग्रेस 3 दिन से सड़कों पर है। यह सरकार जानबूझकर किसानों के हत्यारों को बचाना चाह रही है। लल्लू ने कहा जब तक इस्तीफा अजय मिश्रा ट्रेनी का नहीं हो जाता। तब तक कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी। लल्लू ने कहा गांव का किसान परेशान है साथ ही किसान परेशान होकर आत्महत्या करने को मजबूर है। महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है, देश का नौजवान दुखी है। लेकिन बीजेपी सरकार में कोई सुध लेने वाला नहीं है। अजय कुमार लल्लू ने कहा मैं समझता हूं मुख्यमंत्री और डबल इंजन की सरकार पूरी तरीके से फेल हो चुकी है।

# विधानभवन के सामने सिपाही की पत्नी ने किया आत्मदाह का प्रयास

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सिपाही पति की गिरफ्तारी न होने से क्षुब्ध सुषमा ने विधानभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। खुद पर पेट्रोल उड़ेलने से पहले ही सिपाहियों ने सुषमा को पकड़ लिया।

सुषमा का पति से विवाद चल रहा है। पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, शोषण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा भी दर्ज करा चुकी हैं। सिपाही पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आत्मदाह का प्रयास किया। सुषमा इटावा के जसवंतनगर बलियापुर की रहने वाली हैं। इंस्पेक्टर हजरतगंज श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि सुषमा का विवाह अलीगढ़ में रहने वाले पवन कुमार से हुआ था। पवन शाहजहांपुर में सिपाही है। दोपहर सुषमा विधानभवन गेट नंबर एक के पास पहुंची। वहां उन्होंने खुद पर पेट्रोल डालने का प्रयास किया। यह देख ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाहियों ने अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से सुषमा को पकड़ लिया।

# यूपी चुनाव देगा सांसद को थप्पड़ का जवाब : बिजेंद्र सिंह

## » मेरठ में थप्पड़ वाले सांसद पर बॉक्सर का फूटा गुस्सा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह द्वारा युवा पहलवान को थप्पड़ मारने के मामले में मुक्केबाज बिजेंद्र सिंह का गुस्सा फूट पड़ा। मेरठ में खिलाड़ी बिजेंद्र सिंह ने कहा सांसद ने पहलवान को थप्पड़ मारा है, यह उनकी छोटी सोच को दिखाता है। इससे निंदनीय घटना कुछ हो नहीं सकती। मगर यूपी चुनाव में जनता इस थप्पड़ का जवाब देगी। मेरठ में कांग्रेस के महिला मैराथन में मुक्केबाज बिजेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। बिजेंद्र ने इस दौरान कहा कि सांसद ब्रजभूषण ने शर्मनाक काम किया है, उन्हें पहलवान से माफी मांगनी चाहिए। इस तरह पंद्रह सोलह साल के पहलवान को स्टेज पर जाकर थप्पड़ मारना उनकी छोटी सोच दर्शाता है। ये बेहद निंदनीय है और खिलाड़ी समाज में इसे लेकर रोष है। महिलाओं के लिए प्रियंका जी काम करती रहीं हैं। इसलिए महिलाएं आगे आएं और लोगों को दिखाएं कि वो मजबूत हैं। सांसद बृजभूषण शरण सिंह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं।

# चुनावी खर्च के लिए प्रत्याशियों को अलग से खोलना होगा खाता

## » निर्वाचन क्षेत्र में 50 हजार रुपए से अधिक कैश नहीं ले जा सकेंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को चुनावी खर्च के लिए अलग से बैंक खाते खोलने होंगे। इसके निर्देश भारत निर्वाचन आयोग ने दिए हैं। प्रत्याशी को नामांकन के समय इन खातों की जानकारी चुनाव आयोग को देनी होगी।

अगर कोई प्रत्याशी खाते की सूचना नहीं देता है तो उसे निर्वाचन अधिकारी नोटिस जारी करेगा। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया है कि चुनावी खर्च के लिए बैंक खाता या तो प्रत्याशी के नाम से खोला जाएगा या निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप से प्रदेश में कहीं भी खोले जा सकेंगे। चुनाव संबंधी सारे खर्च प्रत्याशी को इसी खाते से करने होंगे। चुनावी खर्च के लिए प्रत्याशी के परिवार के किसी सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से खाते नहीं खोले जा सकेंगे। अभ्यर्थी के पहले से खुले खाते का इस्तेमाल चुनावी खर्च के लिए नहीं किया जाएगा। चुनावी खर्च के लिए खोले गए खाते में सभी खर्च के पैसे जमा होंगे। चुनाव परिणाम के 30 दिन के अंदर खर्च का विवरण निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। निर्वाचन आयोग ने कहा प्रत्याशियों के बैंक खाते खोलने के लिए बैंकों में अलग से काउंटर बनाया जाए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।